## सार-समाचार

### स्वामी विवेकानंद तरणताल शुरू

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद तरणताल का विधिवत प्रारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी एवं मनोज गुलानी द्वारा गणपति वंदन कर किया गया। इस अवसर पर नन्हे तैराकों द्वारा तैराकी के चारों स्ट्रोक्स बटरफ्लाई, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक एवं फ्रीस्टाइल एवं चारों स्ट्रोक्स की किकिंग का प्रदर्शन कर अतिथियों को कॉम्पिटिटिव तैराकी के बारे में अवगत करवाया गया। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद तरणताल का नियमित संचालन प्रातः एवं सायंकाल दोनों सत्र में नियमित रूप से कर दिया गया है। सभी बैच कॉमन बैच होंगे जिसमें सभी प्रवेश ले सकते हैं। प्रथम बैच प्रातः 5:30 से 6:10 का रहेगा जो 1 मई से प्रारंभ होगा। वर्तमान में प्रथम बैच 6:20 से 7:00 बजे तक उसके बाद 7:10 से 7:50 फिर 8:00 से 8:40 एवं प्रातः कालीन अंतिम बैच 8:50 से 9:30 बजे तक महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। इसी प्रकार सायं कालीन सत्र में 4:00 से 4:40, 4:50 से 5:30, 5:40 से 6:20, 6:30 से 7:10 एवं 7:20 से 8:00 बजे तक बैच चलेंगे। 10 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले प्रशिक्षणार्थियों हेतु 1200 प्रति माह एवं उससे ऊपर वालों के लिए 1400 प्रति माह फीस का निर्धारण किया गया है। तैरने आने वालों की सुविधा के लिए तरण ताल को तीन हिस्सों में बांटा गया है। प्रथम हिस्से में सीखने वाले द्वितीय में तैरने वाले एवं अंतिम तृतीय में नियमित प्रैक्टिस करने वाले तैराक प्रैक्टिस कर सकेंगे। इस अवसर पर अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण कर तैराकी खेल विकास संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिव राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष धनराज गांछा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत, कमल सिंह राणावत, अब्बास अली कायमखानी सदस्य सुरेंद्र सिंह राठौड़, बाबूलाल माली, हिम्मत कुमावत, मानसिंह राणावत, सोहनलाल बैरवा, मनीष अरोड़ा,पूरणमल आचार्य इत्यादि एवं मातृशक्ति श्रीमती अनीता पालीवाल, श्रीमती चंद्रेश कंवर राणावत, श्रीमती परवीन बानो, सीमा खटीक, अर्चना यादव, स्नेहलता बैरवा, अनु सोनी, मुस्कान, खुशबू अरोरा इत्यादि उपस्थित थे।

### मंडल स्तर पर स्थापना दिवस मनाया

**ब्यावर**, (निसं) ग्राम पंचायत नुंदरी मालदेव स्थित पिपलाज माता मंदिर में ब्यावर विधानसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के पृथ्वीराज चौहान मंडल का मंडल स्तरीय भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता जयसिंह सुहावा द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन जैन जिला महामंत्री भाजपा अजमेर देहात मुख वक्ता के रूप में थे। सभी कार्यकर्ता और बूथ अध्यक्षों को भाजपा की रीति नीति एवं इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर मार्गदर्शन दिया। विशेष अतिथि के रूप में पुर्व मंडल अध्यक्ष कानाराम गुर्जर एवं करणसिंह रावत थे। मंडल अध्यक्ष जय सिंह सुहावा ने पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत किए जाने,आम लोगो तक सरकार की जनयोजना पहुंचाने की बात कार्यकर्ताओं के बीच रखी। जय सिंह सुहावा ने कार्यक्रम मे सभी जनसंघ के समय के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ एवं वृद्ध जनों का माला एवं पार्टी का दुपट्टा पहना स्वागत किया गया। निखिलपाल सिंह रावत ने मंच संचालन करते हुए बताया की कार्यक्रम मे पूर्व मंडल अध्यक्ष कानाराम गुर्जर, जिला मंत्री करण सिंह रावत ने भी अपने विचार रखे। स्थापना दिवस कार्यक्रम सयोंजक निखिल पाल सिंह रावत, महामंत्री नरेंद्र सिंह, गणपत सिंह, राकेश गहलोत, महिला मोर्चा अध्यक्ष लीला देवी, मनीष सिंह चौहान, भवर सिंह राजियावास, लक्ष्मण सिंह रुपाहल्ली, भानुप्रताप राजियावास, विक्रान्त सिंह, सुरेश सिंह नुन्द्रीमालदेव सरपंच , कोषाध्यक्ष सन्तोषसिह , रविन्द्र सिंह भाटी, एडवोकेट लोकेन्द्रसिह , मनीष चौहान,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्म के पश्चायत मंदिर परिसर में श्रम दान कर मंदिर की साफ सफाई की।

### सूर्यप्रकाश शर्मा सेवानिवृत

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। फाइनेंस क्षेत्र में एक दशक तक समर्पित सेवाएं देने के बाद क्लस्टर मैनेजर सूर्यप्रकाश शर्मा ने एचडीबी फाइनेंस कंपनी से विदाई ली। शर्मा ने एचडीबी में मार्च 2015 में बतौर सेल्स मैनेजर अपनी पारी शुरू की। मेहनत और काबिलियत के दम पर उन्होंने शाखा इंचार्ज के बाद क्लस्टर मैनेजर पद पर सफर तय कर कंपनी को ऊंचाईया प्रदान की। जयपुर, चौमूं, अजमेर सहित किशनगढ़ क्षेत्र में टीम के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विदाई समारोह के दौरान सूर्यप्रकाश शर्मा ने भावुक होते हुए कहा सदैव टीम के साथ मिलकर कार्य किया, इन दस वर्षों का अनुभव अनमोल रहा। इस मौके पर बिजनेस हेड रजत शर्मा, जोनल हेड इस्लाम खान, पार्षद मनीष टेलर, भजन गायक बंटी सिंह, निर्मल सिंह, मिताली पूरी, जीतू जोशी, अभिषेक छीपा, मनीष शर्मा, शुभम गहलोत, उत्तम सोलंकी, साहिल, प्रदीप सोलंकी, अजय, निक्की शर्मा, शुभाशीष पारीक, राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में सहयोगी मौजूद रहे।

### बैसाखी पर्व 13 अप्रैल को मनाएंगे

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। गुरूद्वारा साहिब, सिन्धुनगर में बैसाखी पर्व (खालसा सृजना दिवस) श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाएगा। सचिव ऋषिपाल सिंह ने बताया कि रविवार 13 अप्रैल बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रातः 8 बजे से विशेष कीर्तन दीवान सजेगें, जिनमें ज्ञानी करनैल सिंह जी एवं सुखबीर सिंह जी संगत को गुरबाणी कीर्तन द्वारा निहाल करेगें। 9 बजे गुरुद्वारा साहिब से गुरु गोबिंद सिंह चौराहे तक संगत गुरबाणी कीर्तन करते हुए जाएगी। नगर निगम के सहयोग से चौराहे पर "खंडा साहिब" सुशोभित किया जाएगा एवं प्रातः 10 बजे सामूहिक अरदास के उपरान्त प्रसाद वितरण होगा।शाम 7.30 बजे से गुरबाणी कीर्तन के आयोजन होंगे। इस अवसर पर पंजाब से आए रागी भाई अमनदीप सिंह जी संगत को गुरबाणी कीर्तन द्वारा निहाल करेंगे। रात 9.30 बजे सामूहिक अरदास के उपरान्त गुरू का लंगर अटूट वितरित होगा। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि प्रबंधक कमेटी द्वारा इस पावन अवसर पर प्रतिभावान सिक्ख विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को, जिन्होंने समाज को गौरान्वित किया हो उन्हें "खालसा अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा।

### भूमि पूजन व ध्वजारोहण कार्यक्रम आज

**भीलवाड़ा**, (नि.सं)। हरणी महादेव में मेवाड़ा धनगर गाड़री समाज के मंदिर परिसर में भगवान द्वारकाधीश, संत सोमाजी भगत मंदिर पर आज भूमि पूजन व ध्वजारोहण का कार्यक्रम महंत बनवारी शरण जी काठिया बाबा महाराज जी के सानिध्य में प्रारंभ किया। शास्त्रीजी पंडित राजू दाधीच ने पूर्ण किया। गाडरी समाज के युवा अध्यक्ष भैरूलाल खायड़ा ने बताया कि इस मौके पर शहर विधायक अशोक कोठारी, गाडरी समाज मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देबीलाल खेराबाद, सचिव भैरूलाल हरणी, वरिष्ठ सदस्य बक्षु सोलगजी बिलिया, मांगीलाल, नानुराम, मंडल अध्यक्ष हमीरगढ़ लालाराम बरड़ोद, मंडल अध्यक्ष मांडल भैरूलाल सुरास, भामाशाह दुदाराम भगवानपुरा, रामेश्वरलाल, देवचंद, भोलाराम, भोजाजी, किशन, गोपाल, किशन हरणी व बड़ी संख्या में समाज के पिता तुल्य बुजुर्ग मौजूद रहे।

### अनुपम रतावा अध्यक्ष बने

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)।भारत विकास परिषद शाखा स्वामी विवेकानंद के चुनाव में अनुपम रतावा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। चुनाव अधिकारी अनुराग व्यास की सदारत में आहूत चुनाव में सचिव पद पर संदीप सिंह कसाना, कोषाध्यक्ष विशाल फोफलिया पदीय दायित्व सौपा गया। चुनाव अधिकारी व्यास ने सभी नवीन दायित्व धारी को अनुराग व्यास द्वारा अपर्णा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। समापन पर सचिव अशीष गौड द्वारा सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया एवं दायित्व धारी को बधाई दी गई। इस अवसर पर शाखा के अधिकांश सदस्यों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का संचालन सुनील रतावा द्वारा किया गया।

### त्रिवेणी संगम पर 251 यूनिट रक्तदान

**मांडलगढ़**, (निस)मांडलगढ़ में त्रिवेणी संगम स्थल पर एक निजी रिसोर्ट में महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी शाखा मांडलगढ़ के द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुबह 8:00 बजे मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलन से किया। शिविर में 251 यूनिट रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

### देवनानी ने वाटर कूलर का उद्घाटन किया

**अजमेर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष एवं अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने अजमेर संभाग के सबसे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में वाटर कूलर का उद्घाटन किया। जीव सेवा समिति की ओर से 5 हजार लीटर क्षमता का वाटर कूलर लगाया गया है, उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजन को पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध होगा।

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा... हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**अजमेर**, (कासं)। अजमेर शहर सहित जिले भर में श्रीराम भक्त संकटमोचक हनुमान का जन्मोत्सव शनिवार को धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया और मंदिरों में संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से नारियल, फूल-माला, मिष्ठान, छप्पन भोग, पान का बीड़ा और अन्य सामग्री से बालाजी की पूजा-अर्चना की, दोपहर 12 बजते ही जन्म आरती हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने संकटमोचक हनुमान जी के जय घोष लगाए, वहीं मंदिरों में श्रद्धालुओं सैलाब उमड़ पड़ा।

शहर के प्राचीन बजरंगगढ़ बालाजी मंदिर, ऋषि घाटी बालाजी मंदिर, श्री सिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर, नला बाजार बालाजी मंदिर, मेहंदीपुर कोटड़ा धाम, आगरा गेट स्थित मराठाकालीन पंचमुखी हनुमान मंदिर, मार्टिण्डल ब्रिज स्थित श्रीराम बालाजी मंदिर सहित अन्य मन्दिरों में सुबह मंगला आरती हुई, दोपहर को जन्म आरती और सुन्दरकांड पाठ के आयोजन के साथ बालाजी को 56 प्रकार के भोग लगाया और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया।

दौलत बाग पहाड़ी पर स्थित 300 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर बजरंगगढ़ के नाम से विख्यात है, शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में पंच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बालाजी की प्रतिमा को स्नान कराने के बाद सिंदूर से श्रृंगारित कर चांदी व सोने के वर्क से सजाया गया, सुबह 8 बजे सुंदरकांड पाठ के बाद छप्पन भोग की झांकी सजाई गई, दोपहर 12 बजे महाआरती हुई छप्पन भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।

इसी प्रकार प्राचीन घाटी वाले बालाजी मंदिर में दोपहर को महाआरती हुई उसके पश्चात मावे और ड्राई फ्रूट बना केक काट कर हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कोटड़ा स्थित मेहंदीपुर बालाजी कोटड़ा धाम मंदिर परिसर में दोपहर 12 महाआरती के बाद प्रसादी हुई। समाजसेवी धर्मेश जैन ने बताया कि धार्मिक आयोजन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। बीके कौल नगर स्थित प्राचीन वीर बालाजी मंदिर परिसर में दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के उपासक भूपेश सांखला और प्रतिनिधि गुरजीत सिंह खुराना द्वारा श्रद्धालुओ प्रसाद का वितरण किया।



अजमेर में हनुमान जन्मोत्सव पर 56 भोग की झांकी, सुंदरकांड पाठ, महाआरती, भगवा रैली सहित कई आयोजन हुए।

### श्रीराम नाम संकीर्तन व हनुमान चालीसा पाठ किया

प्राचीन सिन्धी शिव मन्दिर सेवा ट्रस्ट गंज अजमेर के अध्यक्ष भागचन्द दौलतानी और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन हुए। पंडित दामोदर दाधीच और उनकी मंडली द्वारा श्रीराम नाम संकीर्तन, हवन यज्ञ व हनुमान चालीसा का पाठ किया। जन्म आरती के पश्चात लंगर प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं में किया।

अर्जुन लाल सेठी कॉलोनी ब्यावर रोड परबतपुरा बाईपास स्थित श्री संकट मोचन बालाजी घाम में पुरोहित राजेन्द्र दाधीच के नेतृत्व में दो दिवसीय आयोजन हुए। श्री श्याम सखा मित्र मण्डल,श्री आदर्श संकीर्तन मण्डल, श्री सर्वेश्वर संकीर्तन महिला मण्डल, श्री श्याम गौ शाला एवं गौ रक्षा सेवा समिति और श्री संकटमोचन बालाजी धाम ट्रस्ट अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर एक शाम बाबा श्रीखाटू श्याम के नाम का आयोजन हुआ। अशोक तोषनीवाल ने भजन सुनाए।

हनुमान जन्मोत्सव रामगंज स्थित कार्यसिद्धि बालाजी मंदिर मंडल महंत शशि गिरी महाराज के सानिध्य में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज का विषेष श्रृंगार किया। सचिव सागर मीणा ने हनुमान जन्मोत्सव चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

कार्य सिद्धि बालाजी मंदिर रामगंज में धूमधाम के साथ आयोजित की गई। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में मंडल महंत शशि गिरी महाराज द्वारा दोपहर 12 बजे आरती की गई।

### शान्तेश्वर महादेव मन्दिर में धार्मिक आयोजन

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मदार गेट स्थित शान्तेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में महाआरती पूजन करने के पश्चात कोलड्रिंक के प्रसाद का वितरण किया।

### 108 आसन पर सुंदरकांड पाठ हुआ

शिव मंदिर आदर्श नगर अजमेर में आदर्श सनातन धर्म सभा एवं विकास समिति के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। समिति के सचिव सुनील गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर 108 आसनों पर प्रसिद्ध भजन गायक सुनील गोयल एवं उनकी टीम के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया व छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई गई।

### श्री कार्य सिद्धि बालाजी मंदिर में कार्यक्रम हुए

हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व के अवसर पर श्री अग्रवाल पंचायती धडा निसबरिया बोर्ड द्वारा वरुण सागर रोड स्थित श्री कार्य सिद्धि बालाजी मंदिर धाम पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया।

संयोजक कृष्ण गोपाल गोयल ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड में आस्था का सैलाब उमड पड़ा।

# विकसित एवं व्यवस्थित अजमेर की शुरूआत : वासुदेव देवनानी

■ बारिश से पूर्व करें नालों की सफाई, मरम्मत व निर्माण

**अजमेर**, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि शहर के पुराने नालों की सफाई व मरम्मत तथा नए बनने वाले नालों के निर्माण का काम बारिश से पूर्व पूरा कर लें, ताकि बारिश के दिनों में शहर के लोगों को जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़े। अजमेर उत्तर में 40 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अन्तर्गत अजमेर उत्तर में ड्रेनेज सिस्टम के सुधार के लिए 24.10 करोड़ की लागत से 7 नालों का निर्माण किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दो दिनों में अजमेर उत्तर क्षेत्र को 15 करोड़ के नालों के निर्माण की सौगात दी। उन्होंने शनिवार को वार्ड 71 में 5.05 करोड़ एवं 1.04 करोड़ की लागत तथा वार्ड 64 में 5.27 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। यह नाले वार्ड 71 राजस्थान पत्रिका कार्यालय से लेकर आनासागर झील तक, गुलमोहर कॉलोनी से आनासागर पंप स्टेशन एवं मांगीलाल साहू कुआं तक तथा वार्ड 64 पुलिस लाइन स्थित अटल उद्यान से अजमेर हॉस्पिटल तक बनाए जाएंगे। इससे क्षेत्र को जलभराव एवं गंदगी की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विकास कार्यों की एक नई यात्रा पर निकल पड़ा है। हमारी प्राथमिकता हमेशा से ही आमजन की समस्याओं का स्थायी समाधान रही है। जलभराव की समस्या ने यहां के निवासियों को परेशान किया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से यह समस्या जड़ से समाप्त होगी और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

देवनानी ने बताया कि इन परियोजनाओं की योजना नगर निगम अजमेर, अजमेर विकास प्राधिकरण एवं तकनीकी विशेषज्ञों की कमेटी के संयुक्त सहयोग से तैयार की गई है। सभी कार्यों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाएगी। इससे निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि जल निकासी के इन स्त्रोतों के विकास से वर्तमान समस्या के समाधान के साथ भविष्य की बढ़ती जनसंख्या और शहरी विस्तार को ध्यान में रखते हुए ये परियोजनाएं दीर्घकालिक रूप से कारगर सिद्ध होंगी। क्षेत्र में बरसात के समय घरों और सड़कों पर पानी भरने की समस्या आ रही थी। इससे दैनिक जीवन प्रभावित होता था। इन नालों के निर्माण से स्थानीय लोगों को इस परेशानी से स्थायी मुक्ति मिलेगी।

इस अवसर पर पार्षद रमेश सोनी, महेंद्र जादम, रिंकू जादम, मान सिंह, विशाल पंवार, संदीप तंवर, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार लालवानी, गजेंद्र शर्मा, विक्रम सिंह, दीपेंद्र लालवानी, जगदीश साहू, देवेश मालू, सुनील जैन सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

## महिलाओं के लिए पहल की

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। भारत की एकमात्र और विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने अण्डरग्राउण्ड माइंस के सरफेस पर मिल में महिलाओं को नाईट शिफ्ट में शामिल कर ऐतिहासिक कदम उठाया है। महिलाएं अब कंपनी की रामपुरा आगुचा माइंस में नाईट शिफ्ट में भी कार्य करेंगी, जो भीलवाड़ा में विश्व की सबसे बड़ी अण्डर ग्राउण्ड माइंस है।

इस प्रगतिशील कदम से मिल और माइंस दोनों नियंत्रण कक्षों में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूरी रात की शिफ्ट में कार्य करने वाली महिला टीम दिखाई देगी, जबकि उत्तराखंड में कंपनी के पंतनगर मेटल प्लांट और चित्तौड़गढ़ में चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में महिलाएं सफलतापूर्वक नाईट शिफ्ट में कार्य कर रही है।

साथ ही, अजमेर में कंपनी की कायड़ खदान में खनन कार्यों के लिए नियंत्रण कक्ष में नाईट शिफ्ट में महिलाएं सफलतापूर्वक कार्यरत है। इससे पहले, नियामक मानदंडों के अनुसार महिलाओं को केवल दिन की शिफ्ट में काम करने की अनुमति थी। यह विकास महिलाओं को उनके पुरुष समकक्षों के समान कैरियर के अवसरों तक पहुँचने की अनुमति देता है।

यह ऐतिहासिक कदम हिन्दुस्तान ज़िंक की मेटल, माइन और हेवी इंजीनियरिंग के पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों को बदलने की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

कंपनी ने इससे पूर्व भारत की पहली महिला अण्डर ग्राउण्ड माइन मैनेजर की नियुक्ति और देश की पहली महिला अण्डरग्राउण्ड माइन रेस्क्यू टीम की स्थापना कर उद्योग-प्रथम पहल का नेतृत्व किया है।

# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 19 अप्रैल तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के लिए मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पोटरखोली इटारसी में शोभायात्रा निकाली।

**अजमेर**, (कासं)। चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शनिवार 12 से 19 अप्रैल तक आयोजित होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पोटरखोली इटारसी में शोभायात्रा के साथ शुरू हुई।

व्यास पीठ से कथा व्यास आचार्य पंडित बृजमोहन शास्त्री (वृंदावन वालों) ने भगवान श्रीकृष्ण वृतांत सुनाते हुए कथा की शुरूआत की। नव संवत्सर की यह पहली कथा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि नव संवत्सर में सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी।

व्यास पीठ से कथा व्यास शास्त्री ने कहा कि भगवान जब साकार रूप में प्रकट होते हैं तो कई अवतार में प्रकट होते हैं। कोई संख्या अवतार तो कोई कल्कि तो कोई लीला अवतार, नित्यावतार में है। भगवान साकार रूप में नित्य रूप में प्रकट होते आए हैं। ब्रह्मा ने भी प्रथम स्तुति में साकार रूप को प्रणम्य बताया है। कथा से पूर्व कथा व्यास आचार्य पंडित बृजमोहन शास्त्री ने पूजा अर्चना की। कलश व शोभायात्रा प्रातः 9 बजे द्वारकाधीश बड़े मंदिर से शुरू हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल मकामनेश्वर महादेव मंदिर पोटरखोली तक बैण्डबाजों के साथ महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। कलश शोभायात्रा का कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया। कथा का समापन 19 अप्रैल को पूर्णाहूति के साथ होगा।

# शिविर में 129 यूनिट रक्तदान



आर.के. मार्बल ग्रुप चेयरमैन अशोक पाटनी ने रक्तदाता का सम्मान किया।

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। दिगम्बर नवयुवक मंडल की और से आचार्य शांति सागर महाराज के पद प्रतिष्ठापन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत आर के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित शिविर में 129 यूनिट रक्तदान किया।

शिविर का विधिवत शुभारंभ आर के मार्बल से अशोक पाटनी, सुरेश पाटनी सहित मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, समाजसेवी संजय पापड़ीवाल व महावीर कोठारी ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष संजय पांडया ने बताया कि शिविर में सुबह से ही उत्साह के साथ रक्तदान करने वालों की कतारे लगी हुई थी। प्रभारी अंकित पाटोदी ने बताया कि रक्तदान करने वाले दाताओं को आर के मार्बल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान यज्ञनारायण अस्पताल ब्लड बैंक स्टॉफ के अलावा मंडल मंत्री मनोज बैद ,विजय बाकलीवाल, धीरज पाटौदी, आशीष सेठी, अनुज पांड्या, ऋषि गोधा, पुष्पेंद्र बाकलीवाल, मुकेश बाकलीवाल, अंकुर गोधा, संजय सोगानी, अतुल बैद सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

# वासुदेव देवनानी ने हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी

**अजमेर**, (कासं)। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि बजरंगबली श्रद्धा, विश्वास, शक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर शनिवार को घाटी वाले बालाजी मंदिर, जीपीओ के सामने व्यायामशाला, आनासागर पुलिस चौकी के पास करंट वाले बालाजी एवं अन्य कई मंदिरों में आरती में भाग लिया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि भगवान हनुमान की भक्ति और निष्ठा हमें यह सिखाती है कि संकल्प और सेवा भाव से हम कोई भी कठिन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकते हैं। युवाओं को हनुमान जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए।

उन्होंने प्रदेश में सुख-समृद्धि, शांति और सौहार्द की कामना करते हुए अपील की कि इस अवसर पर सभी लोग सामाजिक समरसता और एकता के भाव को मजबूत करें। धार्मिक अवसरों को प्रेम और सद्भाव के साथ मनाना हमारी सांस्कृतिक विरासत है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने आमजन से भी आहवान किया कि वे परंपराओं के अनुरूप पर्व मनाएं और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए साफ-सफाई का संदेश समाज में फैलाएं। सीताराम शर्मा भी उपस्थित रहे।

### अखंड रामायण पाठ किया

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को पिपलेश्वर महादेव मंदिर, सूचना केंद्र चौराहा भीलवाड़ा में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:15 बजे हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। यजमान धनराज जाजू एवं संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र मुंद्डा, शिव रतन तोषनीवाल, राजेश शर्मा, संजय झंवर परमेश्वर शर्मा की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के बीच पाठ आरंभ हुआ।

13 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे प्रसाद वितरण पिपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष राजेंद्र मुंद्डा एवं प्रचार-प्रसार मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा ने भी विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से श्रवण शर्मा, राजेश शर्मा, गोपाल जाट, ओम प्रकाश शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, सांवरमल अठावाल, राजू शर्मा, छोटू सिंह भाटी, जयंत शर्मा, ब्रह्मानंद वैष्णो, दीपक माहेश्वरी, नवीन झंवर, संजय निर्मल, योगेश दाधीच, राकेश काबरा, राजू साहू, शिवलाल शर्मा, राजेश बियानी शामिल रहे।

### शर्मा संगठन मंत्री बने

**अजमेर**, (कासं)। भारतीय सिन्धू सभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी की सहमति से प्रदेश भाषा एवं साहित्य मंत्री डॉ. प्रदीप गेहाणी ने निरंजन शर्मा को अजमेर संभाग का संगठन मंत्री व गुल छताणी को अजमेर महानगर में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी की घोषणा की है। प्रदेश मंत्री मनीष गुवालाणी ने बताया कि गेहाणी के अजमेर प्रवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की व नये दायित्वों की घोषणा की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अराई,पंचायत समिति अराई,अजमेर**

क्रमांक: ग्रा.प.अ./निर्माण/2025-26/09 दिनांक: 09/04/2025

**सीमित निविदा सूचना**

पंचायत समिति अराँई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत अराई में कार्य का नाम 1.महावीर नुवाद के मकान राणाबाई स्कूल की ओर सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए सिमित निविदाएं आमंत्रित की जाती है।विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

NIB NO:- ZAJ2526A0023

UBN NO:- ZAJ2526WSLB00023

ग्राम विकास अधिकारी — प्रशासक

पं.स. अराई(अजमेर) — ग्राम पंचायत अराई

क्रमांक: ग्रा.प.अ./निर्माण/2025-26/10-14 दिनांक: 09/04/2025